दैनिक भास्कर बुरहानपुर 15-06-2025

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : कर्मचारियों ने प्राणायाम से की दिन की शुरुआत



भास्कर संवाददाता | नेपानगर

नेपा लिमिटेड में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग स्वास्थ्य सप्ताह मनाया जा रहा है। शनिवार को प्रशासनिक भवन परिसर में कर्मचारियों ने योग अभ्यास किया।

कर्मचारियों ने कार्यस्थल जाने से पहले श्वसन क्रिया, स्ट्रेचिंग अभ्यास और वज्रासन किया। योग सत्र का संचालन सहायक वाणिज्य अधिकारी और योग साधक अलोपी प्रसाद शुक्ला ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को योग मुद्राओं और प्राणायाम के स्वास्थ्य लाभ भी समझाए। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार के अनुसार यह योग सप्ताह कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरुकता के साथ-साथ औद्योगिक संस्कृति में सामंजस्य और अनुशासन का प्रतीक बन रहा है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि आयोजन योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर आधारित है। इस योग सत्र में प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, राजेंद्र चौधरी, आशुतोष मिश्रा, निलेश पाटिल, मुकेश चौहान, सुषमा गौर, वर्षा पाटिल, अदिति मतलाने, मीत भट्ट और सुरेंद्र दहाट सहित कई कर्मचारी शामिल हुए।

# नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों ने योग कर दिन की शुरुआत की

## वज्रासन, श्वसन एवं स्ट्रेचिंग से कर्मचारियों को मिला मानसिक सुकून और ऊर्जा योग दिवस की थीम वन अर्थ, वन हेल्थ के अनुरूप आयोजन जारी



**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**

**बुरहानपुर/नेपानगर।** भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे योग स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को प्रशासनिक भवन परिसर में कर्मचारियों द्वारा प्रातःकालीन योग अभ्यास किया गया। सुबह अपने-अपने कार्यस्थलों की ओर प्रस्थान करने से पूर्व कर्मचारियों ने मिलकर श्वसन क्रियाएं,हल्के स्ट्रेचिंग अभ्यास व वज्रासन किए,जिससे उन्हें दिनभर की ड्यूटी के लिए मानसिक स्फूर्ति और आत्मिक स्थिरता मिली। इस योग सत्र का अभ्यास सहायक वाणिज्य अधिकारी एवं योग साधक अलोपी प्रसाद शुक्ला द्वारा कराया गया। उन्होंने अभ्यास के साथ-साथ प्रतिभागियों को प्रत्येक योग मुद्रा और प्राणायाम के स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने बताया नेपा लिमिटेड में यह योग सप्ताह कर्मचारियों के लिए न केवल एक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान है, बल्कि औद्योगिक संस्कृति में सामंजस्य, अनुशासन और आंतरिक शांति का भी प्रतीक बन रहा है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि यह आयोजन भारत सरकार द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम योग फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ के अनुरूप है, जो यह संदेश देती है कि योग केवल व्यक्ति नहीं,सम्पूर्ण पृथ्वी के स्वास्थ्य का मार्ग है। इस योग सत्र के दौरान प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव,राजेंद्र चौधरी,आशुतोष मिश्रा,निलेश पाटिल,मुकेश चौहान,सुषमा गौर,वर्षा पाटिल,अदिति मतलाने,मीत भट्ट, सुरेंद्र दहाट आदि मौजूद रहे।

# श्वसन क्रिया और वज्रासन करने के साथ मिल कर्मचारियों ने की दिन की शुरुआत



योगा करते हुए।

● **नेपानगर / राज न्यूज नेटवक**

भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे योग स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को प्रशासनिक भवन परिसर में कर्मचारियों द्वारा प्रातःकालीन योग अभ्यास किया गया। सुबह अपने-अपने कार्यस्थलों की ओर प्रस्थान करने से पूर्व कर्मचारियों ने मिलकर श्वसन क्रियाएं, हल्के स्ट्रेचिंग अभ्यास व वज्रासन किए जिससे उन्हें दिनभर की ड्यूटी के लिए मानसिक स्फूर्ति और आत्मिक स्थिरता मिली।

इस योग सत्र का अभ्यास सहायक वाणिज्य अधिकारी एवं योग साधक अलोपी प्रसाद शुक्ला द्वारा कराया गया। उन्होंने अभ्यास के साथ-साथ प्रतिभागियों को प्रत्येक योग मुद्रा और प्राणायाम के स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने बताया नेपा लिमिटेड में यह योग सप्ताह कर्मचारियों के लिए न केवल एक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान है, बल्कि औद्योगिक संस्कृति में सामंजस्य, अनुशासन और आंतरिक शांति का भी प्रतीक बन रहा है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि यह आयोजन भारत सरकार द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अनुरूप है, जो यह संदेश देती है कि योग केवल व्यक्ति नहीं, सम्पूर्ण पृथ्वी के स्वास्थ्य का मार्ग है। इस योग सत्र के दौरान प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, राजेंद्र चौधरी, आशुतोष मिश्रा, निलेश पाटिल, मुकेश चौहान, सुषमा गौर, वर्षा पाटिल, अदिति मतलाने, मीत भट्ट, सुरेंद्र दहाट आदि मौजूद रहे।

पत्रिका

भारत सिर्फ एक योजना नहीं एक प्रगति कर रहा है। हमारा लक्ष्य केवल

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में योग स्वास्थ्य सप्ताह

# प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों ने योग से की दिन की शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** नेपा लिमिटेड में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे योग स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को प्रशासनिक भवन परिसर में कर्मचारियों द्वारा प्रातःकालीन योग अभ्यास किया गया। सुबह अपने.अपने कार्यस्थलों की ओर प्रस्थान करने से पूर्व कर्मचारियों ने मिलकर श्वसन क्रियाएं, हल्के स्ट्रेचिंग अभ्यास व वज्रासन किए, जिससे उन्हें दिनभर की ड्यूटी के लिए मानसिक स्फूर्ति और आत्मिक स्थिरता मिली।

इस योग सत्र का अभ्यास सहायक वाणिज्य अधिकारी एवं योग साधक अलोपी प्रसाद शुक्ला द्वारा कराया गया। उन्होंने अभ्यास के साथ.साथ प्रतिभागियों को प्रत्येक योग मुद्रा और प्राणायाम के स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी।

वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने बताया नेपा लिमिटेड में यह योग सप्ताह कर्मचारियों के लिए न केवल एक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान है, बल्कि औद्योगिक संस्कृति में सामंजस्य, अनुशासन और आंतरिक शांति का भी प्रतीक बन रहा है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि यह आयोजन भारत सरकार द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अनुरूप है, जो यह संदेश देती है कि योग केवल व्यक्ति नहीं, सम्पूर्ण पृथ्वी के स्वास्थ्य का मार्ग है।



प्रशासनिक भवन में योग करते कर्मचारी।

## नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में शिविर का आयोजन

**नेपानगर.** नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में शनिवार को महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए निःशुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं को प्रसूति एवं स्त्री रोगों से संबंधित निःशुल्क परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता पुरवार द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का परीक्षण एवं निदान किया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद, नेपानगर के सौजन्य से आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र



महिलाओं के लिए कार्ड पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया नेपा लिमिटेड द्वारा समय.समय पर इस प्रकार के सेवा मूलक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए किया जाता है।